Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding development of a mobile app for Members to access Parliamentary information.

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यों को सूचित किया जाता है कि आपके सुलभ उपयोग के लिए एक मोबाइल एप तैयार किया गया है, जिसके माध्यम से आप अपने मोबाइल, टैबलेट जैसे उपकरणों पर संसद की कार्यवाही के प्रसारण के साथ-साथ संसदीय पत्रों एवं अन्य महत्वपूर्ण संसदीय दस्तावेजों को देख सकते हैं। इस एप के माध्यम से आप संसदीय कार्यों से संबंधित सामग्रियां, विशेष रूप से आज के पत्र, लाइव टीवी, संसदीय कार्य, प्रश्न-उत्तर, डिबेट, परिचालित किए गए कागजात, सदस्यों से संबंधित जानकारी, बुलेटिन भाग-I, बुलेटिन भाग-II, समिति के कामकाज, विधेयकों से संबंधित जानकारी आदि का अवलोकन कर सकते हैं। यह एप आपके लिए बहुत उपयोग रहेगा। मेरा आप सभी से अनुरोध है कि आप अपने-अपने संसदीय क्षेत्र में भी, आपके क्षेत्र की जनता को इस मोबाइल एप को डाउनलोड करवाएं, ताकि आप संसद में अपने इस तरीके के आचरण को अपने क्षेत्र की जनता को दिखा सकें।